सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 346 | इंदौर, शुक्रवार 28 जून, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. पहली ही बारिश में हादसा: IGI से कई उड़ानें निलंबित, यात्रियों ने जताई नाराजगी; एयरलाइन कंपनियों ने क्या कहा?
2. Parliament Session: नीट पेपर लीक मसले पर लोकसभा में हंगामा, राहुल ने की पहले इस मुद्दे पर चर्चा की मांग
3. नीट पेपर लीक मामला: CBI के रडार पर सॉल्वर गिरोह के 33 सदस्य, होगी पूछताछ; सितंबर 2021 में दर्ज हुआ था केस
4. Sensex Opening Bell: शेयर बाजार में मजबूत शुरुआत, सेंसेक्स 200 अंक चढ़कर नए हाई पर, निफ्टी 24100 के करीब

# निजी स्कूलों पर कसा शिकंजा

## जांच रिपोर्ट 30 जून तक मांगी, 26 बिंदुओं पर की गई जांच, शिकायत करने नंबर जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर। सागर में शासन के निर्देश पर जिले के सभी निजी स्कूलों की लापरवाही और मनमानी पर शिकंजा कसते हुए जांच की जा रही है। कलेक्टर दीपक आर्य ने अशासकीय, निजी विद्यालयों के द्वारा फर्जी व डुप्लीकेट पाठ्यपुस्तकों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है, इस बिंदु पर 30 जून तक विशेष अभियान चलाकर जांच पूर्ण करने और विद्यालयों को चिंहित कर अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित प्रकाशक व बुक सेलर्स के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।**

लेकिन निजी स्कूलों की जांच के प्रतिवेदन आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हुए है। उन्होंने जिला के अशासकीय व निजी विद्यालयों की जांच कर प्रतिवेदन शासन के निर्देशों के अनुक्रम में जांच प्रतिवेदन अभिमत सहित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर भेजते हुए 1 प्रमाणित प्रति 30 जून तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।



### स्कूलों की शिकायत करने नंबर किए जारी

जिले की अशासकीय व निजी विद्यालयों द्वारा अगर मप्र निजी विद्यालय (फीस और संबंधित विषयों का विनियमन) 2020 का उल्लंघन किया जा रहा हो या फर्जी व डुप्लीकेट पाठ्यपुस्तकों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा हो, विद्यालयों द्वारा पुस्तकें, गणवेश, परिवहन, प्रवेश संबंधी शिकायत किसी अभिभावक को हो तो वह उक्त नंबरों पर अधिकारियों से संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत के लिए अभिभावक जिला शिक्षा अधिकारी सागर अरविंद कुमार जैन के मोबाइल नंबर-9425452254, अनीता अहिरवार, सहायक संचालक जिला शिक्षा अधिकारी सागर-8319212353 और अभय कुमार श्रीवास्तव,अति. जिला परियोजना समन्वयक के मोबाइल नंबर पर 8959577222 पर संपर्क कर सकते हैं।

**पेपर लीक पर सख्त सरकार**

# ड्राफ्ट तैयार, अध्यादेश से लागू हो सकता है एक्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। नीट पेपर लीक की चर्चाओं के बीच मध्य प्रदेश में अब भर्ती परीक्षा हो या बोर्ड का पेपर, किसी भी परीक्षा में पेपर लीक रोकने के लिए सरकार सख्त कानून लाने जा रही है। फिलहाल इसका अध्यादेश लागू हो सकता है। इसमें परीक्षा केंद्र, सर्विस प्रोवाडर कंपनी या कोई व्यक्ति जो पेपर लीक व किसी गड़बड़ी में शामिल पाया जाता है तो उसकी सीधे जवाबदारी तय होगी।**

इसमें एक करोड़ रुपए तक का जुर्माना और दस साल तक की सजा हो सकती है। आरोपी की प्रॉपर्टी भी अटैच या जब्त होगी। एक्ट का प्रारूप तैयार हो गया है। इसे परीक्षण के लिए विधि विभाग को भेजा गया है। सरकार की कोशिश थी कि इसे मौजूदा विधानसभा सत्र में ही लाया जाए, लेकिन अब इसे सत्र के बाद अध्यादेश के जरिए लागू किए जाने की तैयारी है।




एक्ट का प्रारूप बनाने का काम स्कूल शिक्षा विभाग को दिया गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि पूर्व में नकल रोकने और कार्रवाई से जुड़े नियम भी स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से ही लागू किए गए थे। विभाग ने पूर्व में एक्ट को लगभग बना भी लिया था।

स्कूल शिक्षा विभाग के ड्राफ्ट पर वरिष्ठ सचिव स्तर की कमेटी में भी चर्चा हो गई थी। लेकिन चर्चा के दौरान ही केंद्र सरकार ने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) बिल का नोटिफिकेशन करके सभी राज्यों को भेज दिया। साथ ही कहा कि इसी को आधार बनाकर राज्य अपने-अपने ठोस कानून बनाएं। लिहाजा अब मप्र भी अपना नया व कड़ा कानून लाने की तैयारी में है। इसमें केंद्र सरकार के भी तमाम प्रावधानों को शामिल किया जा सकता है। इसके अलावा मप्र की परिस्थितियों को ध्यान रखकर भी कई अहम प्रावधान किए गए हैं।

# दो हादसों में तीन की मौत, जावरा रोड पर कार और ट्रक की टक्कर

### पंथपिपलई में डिवाइडर से टकराई बाइक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। उज्जैन में बीती रात दो अलग-अलग हादसो में तीन लोगों की मौत हो गई। गुरुवार रात को दो स्थान पर हादसे हुए। पहले हादसे में कार और ट्रक की भिड़ंत होने से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, दूसरे हादसे में बाइ डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों मामलों की जांच पुलिस ने शुरू कर दी है। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों का पीएम कराया है।

पहली घटना नागदा के डाबरी गांव के पास जावरा-उज्जैन मार्ग पर हुई जहां कार और ट्रक की भिड़ंत हो गई। हादसा रात करीब 1.30 बजे हुआ। हादसे में कार चालक और साथी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार नागदा से देवास की ओर कार से जा रहे व्यक्ति की उज्जैन की ओर से आ रहे ट्रक से भिड़ंत हो गई। हादसे में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में चालक कार गुरदीप सिंह पिता नरेन्द्र सचदेव उम्र 32 साल निवासी चन्द्रशेखर आजाद मार्ग नागदा और सुमित पिता राजकुमार जाति पंजाबी उम्र 33 साल निवासी देवास की मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कार से बाहर निकाला। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं दूसरे हादसे में भाई के साथ गमी के कार्यक्रम से घट्टिया से लौट रहे एक व्यक्ति की दुर्घटना में मौत हो गई। दूसरी दुर्घटना इंदौर रोड पर पंथपिपलई के पास हुई है। पुलिस के मुताबिक अमर सिंह पिता रणजीत सिंह उम्र 54 वर्ष निवासी कड़थली नरवर अपने भाई जोजन सिंह के साथ गमी के कार्यक्रम में शामिल होने घट्टिया गया था।

**इंदौर शहर में यातायात सुधार की विशेष पहल**

# शहर के चौराहों पर शीघ्र होगा यातायात सुगम

### कलेक्टर आशीष सिंह ने अधिकारियों के दल के साथ चौराहों का किया भ्रमण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में अभियान चलाकर इंदौर शहर में यातायात सुधार की विशेष पहल की जा रही है। इसी के तहत शीघ्र ही शहर के अनेक चिन्हित चौराहों पर यातायात सुगम होगा। चिन्हित चौराहों पर लेफ्ट टर्न चौड़ा करने, इंजीनियरिंग एवं तकनीकी सुधार करने सहित अन्य बाधाएं हटाने के कार्य शुरू किये जा रहे है। इस संबंध में आज यहां कलेक्टर आशीष सिंह ने अधिकारियों एवं विशेषज्ञों के साथ शहर के अनेक चौराहों का भ्रमण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि चौराहों पर



यातायात सुधार एवं वाहनों की आवाजाही की सुगमता के लिए शीघ्र ही कार्य प्रारंभ कर दें।

इस अवसर नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, डीसीपी ट्रॉफिक अरविंद तिवारी, अपर आयुक्त नगर निगम अभिलाष मिश्रा, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.पी. अहिरवार, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लौवंशी सहित नगर निगम, ट्रॉफिक पुलिस सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर आशीष सिंह ने अपने भ्रमण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये है कि यातायात सुधार के संबंध में चौराहों के लेफ्ट टर्न को चौड़ा करने, चौराहों पर बनी रोटरी में आवश्यक सुधार करने, इंजीनियरिंग एवं तकनीकी तथा अन्य बाधाएं दूर करने के कार्य जल्द शुरू किये जाये। इसमें विशेषज्ञों की मदद भी ली जाये। ज्ञात रहे कि पिछले दिनों सम्पन्न हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने वरिष्ठ अधिकारियों को मौका मुआयना कर चौराहों पर यातायात सुगम बनाने के निर्देश दिये थे। इसी क्रम में आज यह चौराहों का निरीक्षण किया गया। इस कार्य के लिए ट्रॉफिक पुलिस द्वारा प्राथमिकता के साथ मुख्य रूप से 10 चौराहों का चयन किया गया। इसमें से कलेक्टर आशीष सिंह ने अधिकारियों के दल के साथ बिचौली हप्सी बायपास चौराहा, रेडिसन चौराहा, सत्य साईं चौराहा, विजय नगर चौराहा, बापट चौराहा, पाटनीपुरा चौराहा, इंडस्ट्री हाऊस चौराहा तथा राजवाड़ा चौराहा का भ्रमण किया। इन चौराहों पर आवश्यकता के अनुसार सुधार कार्य करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही शहर के जीपीओ एवं अग्रसेन चौराहों पर भी सुधार के कार्य अतिशीघ्र किये जायेंगे।

## 90 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ी मेट्रो

### स्पीड चेक करने के लिए रात को की टेस्टिंग; तीन मिनट में तय की 6 किमी की दूरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में मेट्रो की हाई स्पीड टेस्ट की गई। इस दौरान इंदौर में मेट्रो पहली बार 90 किमी की प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ी। सुपर कॉरिडोर पर मंगलवार देर रात यह टेस्टिंग हुई। इसमें मेट्रो ने 3 मिनट में करीब 6 किमी की दूरी तय की।**

इसके पूर्व मेट्रो का पहली बार जब ट्रायल हुआ था तब 10 से 15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से मेट्रो चली थी। यह ट्रायल मंगलवार रात सुपर कॉरिडोर पर रात 10 बजे बाद शुरू किया। इसके साथ ही अलग-अलग दौर में बुधवार सुबह 6 बजे तक चला। स्पीड टेस्ट के बाद अब ब्रेकिंग, इलैक्ट्रिसिटी व कैमरा की टेस्टिंग होगी। मेट्रो को 80 किमी की स्पीड से चलाकर ब्रेकिंग सिस्टम की जांच होगी।

## ब्राह्मण समाज ने लिया 11 हजार पौधे लगाने का संकल्प

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में 51 लाख पौधे लगाने की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। दो लाख गड्ढे रोजाना खोदे जा रहे है। 51 लाख पौधे लगाने के लिए हर समाजजन की मीटिंग हो रही है। नृसिंह वाटिका में बुधवार को आयोजित एक मीटिंग में ब्राह्मण समाज को संबोधित करते हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि सभी ब्राह्मण समाज मिलकर 11 हजार पौधे श्री परशुराम वन में लगाएंगे। आपको पौधों की बच्चों की तरह देखभाल करना होगी। वन में एक नर्सरी भी होगी, अगर कोई पौधा मुरझा जाता है तो उन्हें निकालकर**



**नया पौधा लगाया होगा। हरे भरे पौधे हमें ऑक्सीजन देते है और हमारे द्वारा छोड़ी गई कॉर्बन डाइऑक्साइड को ग्रहण कर लेते है। शहर में अब पेड़ नहीं काटे जाएंगे, इन्हें विशेष मशीन द्वारा अन्यत्र स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा।**

इस आयोजन में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि शहर में शीघ्र ही भगवान श्री परशुरामजी के नाम से वन बनाएंगे। शहर में रोजाना कई गड्ढे खोदे जा रहे। कवि सत्यनारायण सत्तन ने कहा कि पेड़ लगाना मानव जीवन के लिए बहुत उपयोगी है। रोड, मेट्रो बनाने के लिए पेड़ों की कटाई नहीं करना चाहिए। आद्य गौड़ ब्राह्मण समाज सेवा न्यास के तत्वावधान में एयरपोर्ट रोड स्थित नृसिंह वाटिका में वृहद मीटिंग संपन्न हुई। न्यास के पं.दिनेश शर्मा, सुरेश शर्मा काका एवं राजेंद्र शर्मा ने बताया कि ब्राह्मण समाज के सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने इस मीटिंग में भाग लिया। उपस्थित ब्राह्मण समाज के नवनिर्मित श्री परशुराम वन में 11 हजार से ज्यादा पौधे लगाने का संकल्प लिया गया। ब्राह्मण समाज के संगठनों ने तैयारियां शुरू कर दी है। मीटिंग में विधायक रमेश मेंदोला, पं. योगेंद्र महंत, आचार्य रामचंद्र शर्मा वैदिक, योगेश मिश्रा, विनायक पांडेय, संदीप जोशी ने संबोधित किया। शुरू में अतिथियों ने भगवान परशुरामजी की मूर्ति का पूजन-अर्चन किया। अतिथि स्वागत अखिलेश शर्मा, राजकिशोर शर्मा, राजेंद्र शर्मा, अजय व्यास, विनय शर्मा, स्वागत शर्मा, महेश शर्मा ने किया। संचालन डॉ.लोकेश जोशी ने किया व आभार महेश शर्मा ने माना।

**कटाक्ष**




©www.detectivegroupreport.com

**उजागर हो गई रेलवे की लापरवाही**

## ट्रेन के एसी कोच में टपकने लगा पानी

### बारिश में यात्री होते रहे परेशान, बनाया वीडियो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रेलवे की सुविधाएं बेशक मौजूदा दौर में सुध रही हैं पर कई बार रेलवे की कुछ कमियां लोगों के सामने उजागर हो जाती हैं जो बड़ी मुसीबत बन जाती हैं। गुरुवार को ऐसा ही कुछ ट्रेन के अंदर देखने को मिला। एक ट्रेन के एसी कोच में पानी, झरना बनकर गिरने लगा। इसके चलते कोच में सफर करने वाले परेशान होते रहे और उन्होंने इसका वीडियो भी बना लिया।**

दरअसल इंदौर से दोण्ड चलने वाली ट्रेन जब इंदौर से रवाना हुई तो मौसम साफ था, लेकिन रास्ते में बारिश होने लगी और कुछ देर में यात्री उस समय परेशान होने लगे, जब ट्रेन की छत से बारिश का पानी टपकने लगा। इस पर कुछ यात्रियों ने कोच का वीडियो बनाया। वहीं कुछ ने ट्रेन में टीसी को शिकायत की, जबकि कुछ ने रेलवे की इस लापरवाही को उजागर करते हुए ट्विटर पर ट्वीट करते हुए शिकायत की।

वायरल हुए वीडियो में एसी कोच के अंदर पानी बहता हुआ नजर आ रहा है। हैरानी की बात ये है कि लोग कोच में बैठे हैं। ये पानी बारिश का लग रहा है जो छत से चू रहा है। रेलवे द्वारा सुविधाओं में लगातार सुधार करने के दावे किए जा रहे हैं। आम ट्रेनों से बढ़कर हम वंदे भारत ट्रेनों तक पहुंच चुके हैं पर इसके बावजूद भी जब ये नजारा देखने को मिलता है तो हैरानी होती है।

### स्कूली वाहनों के चेकिंग का विशेष अभियान जारी

# 20 से अधिक वाहनों पर की गई कार्रवाई, लगाया गया जुर्माना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय एवं सम्भागीय परिवहन सुरक्षा स्क्वाड इंदौर द्वारा अभियान चलाकर लोक परिवहन वाहनों, स्कूली वाहनों, सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। जिसमें वाहनो के फिटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, कर प्रमाण पत्र भी चेक किये जा रहे है।**





क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि बसों में ओवर लोडिंग, अधिक किराया की भी जांच की जा रही है। लोगों को अपने वाहनों पर एसएसआरपी नम्बर प्लेट लगवाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। स्कूल वाहनो की विशेष चेकिंग की जा रही है। जिसमें वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की जा रही है। बच्चों, पालकों से चालक-परिचालक के व्यवहार के बारे में फीडबैक भी लिया जा रहा है। कार्यवाही निरन्तर जारी है। इस दौरान बिना फिटनेस पाए जाने पर 2 स्कूली वाहन, बिना परमिट 1 मालवाहक वाहन,10 यात्री वाहनों एवं स्कूली वाहनों पर परमिट शर्तो का उलंघन करते पाए जाने पर मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई। इस दौरान 20 से अधिक वाहनों से 50 हजार रुपये से अधिक का

## पुलिस कमिश्नर ने किया दो पुलिसकर्मियों को सम्मानित

**इंदौर।** नशामुक्त प्रेरक अभियान के लिए इंदौर के दो पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। इनके द्वारा विभिन्न बस्तियों, स्कूल-कॉलेजों में नशा मुक्त प्रेरक अभियान चलाकर कई लोगों को जागरूक कर नशे के दुष्परिणाम बताकर नशा न करने की शपथ दिलवाई थी। उनके इस अभियान के लिए पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता ने सब इंस्पेक्टर शिवम ठक्कर और एएसआई गयेंद्र यादव को नशा मुक्त प्रेरक अभियान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शिवम ठक्कर साप्ताहिक आयोजन में सतत विभिन्न बस्ती, स्कूल-कॉलेजों में पुलिस विभाग के आला अधिकारियों के साथ नशे के दुष्परिणाम बताकर नशा न करने की शपथ दिलवाई।

## 14 खाद्य कारोबारकर्ताओं पर 19 लाख 40 हजार रुपए का अर्थदण्ड

### 115 निर्णित प्रकरणों में 62 लाख 94 हजार का जुर्माना वसूल किया गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर उपभोक्ताओं को उचित गुणवत्ता और शुद्धता के साथ खाद्य पदार्थों की उपलब्धता के लिये अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत दर्ज प्रकरणों में अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णायक अधिकारी गौरव बैनल द्वारा 14 खाद्य कारोबारकर्ताओ पर 19 लाख 40 हजार का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। साथ ही 115 निर्णित प्रकरणों में 62 लाख 94 हजार का जुर्माना वसूल किया गया।

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में निरंतर कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा विगत कुछ माहो में प्रकरण बनाकर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अपर कलेक्टर गौरव बैनल के समक्ष प्रस्तुत किये गये थे। न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अपर कलेक्टर द्वारा प्रकरणों में सुनवाई उपरांत आरोपी खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य सुरक्षा अधिनियम की विभिन्न धाराओ में दोषसिद्ध पाये जाने पर 14 खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध कुल 19 लाख 40 हजार का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। जिनके विरूद्ध कार्रवाई की गई है उनमें मेसर्स ओम मार्केटिंग 508 गोयल विहार कॉलोनी खजराना गणेश मंदिर के पीछे इन्दौर, मेसर्स सहस्त्र फूड एण्ड सर्विसेंस प्रा.लि. मेहता फार्म के पास इन्दौर, मेसर्स सेंन्सेशन होटल राजेन्द्र नगर, मेसर्स देशी तड़का फैमिली रेस्टोरेंट श्री कृष्णा नगर एयरपोर्ट मेन रोड,मेसर्स वीरा दि मेहफील केलोद करताल, मेसर्स च्वाईस उज्जैनी बेकरी मुण्डला नायता,मेसर्स परफेक्ट बेकरी प्रा.लि. विजय नगर, मेसर्स मैकवेल फूड प्रोडक्ट्स प्रा.लि.विदुर नगर, मेसर्स सलोनी फूड्स अहीरखेड़ी, मेसर्स कैलाश टोस्ट कारखाना गौतमपुरा देपालपुर, मेसर्स पल्लवी मिल्क कार्नर सपना संगीता टॉकीज के पीछे, मेसर्स आराध्या दूध डेयरी परदेशीपुरा, मेसर्स प्रजापत डेयरी मुसाखेड़ी तथा मेसर्स-लीट किन सरस्वती नगर शामिल है। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर अपर कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा जनवरी 2024 से अभियान चलाकर खाद्य एवं औषधि प्रशासन इन्दौर द्वारा निर्णित 115 प्रकरणों में 62 लाख 94 हजार रूपये की राशि वसूल की गई है।

# 30 से अधिक ब्रांडों की महंगी और मीडियम रेंज की शराब की 360 बोतलें जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जिले में मदिरा के अवैध रूप से क्रय/विक्रय, परिवहन एवं भंडारण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में एक बड़ी कार्यवाही करते हुए 11 लाख रुपये से अधिक कीमत की 30 से अधिक ब्रांड की बीआईओ और मीडियम रेंज की महंगी शराब की 360 बोतलें जब्त की गई। इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही अन्य 35 जगहों पर कार्यवाही कर प्रकरण दर्ज किये गये और 212 लीटर देशी/विदेशी/हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई।



सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे ने बताया कि आबकारी कंट्रोलर आर. एच. पचौरी के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा के विरुद्ध कड़ी कार्यवाहियां जारी है। एक सूचना के आधार पर भंवरकुआं के पास स्थित एक मकान से अरुण सिंह चौहान उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया गया। बताया गया कि यह व्यक्ति हाई रेंज की शराब की घरों में डिलीवरी देता है। आबकारी के दल ने छापा मारा उसके घर की और बगल के घर की तलाशी में बगल में हाई रेंज और मीडियम रेंज की मदिरा बरामद की। जिसमे BIO मदिरा,जैक डेनियल,मंकी शोल्डर, जेम्सन, जानी वॉकर, डबल ब्लैक, ब्लैक लेवल, रेड लेबल, ब्लॉन्ड, जेक डेनियल, ओल्ड मोंक, एब्सलूट वोदका, वैलेंटाइन जैगरमास्टर, टेंकुरी जिन, ग्लैंनफिटिंच, ग्लेनलेविट, शिवास रीगल, मीडियम रेंज की रॉयल रणथंबोर, टीचर हाइलेण्ड, 100 पाइपर, बकार्डी रम, ओकस्मिथ, बॉम्बे सेफायर, ब्लेंडर्स प्राइड, बैली, अमेरिकन प्राइड, ओकेन्गलौ, मैजिक मोमेंट, रॉयल चैलेन्ज, आल सीजन आदि जिनकी सभी मिलाकर कुल 360 बोतल, कुल 270 बल्क लीटर, विदेशी मदिरा स्पिरिट सम्मिलित है जिसकी कीमत लगभग 11 लाख रुपये है को जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में और भी आरोपियों के सम्मिलित होने की संभावना है।

इसके अतिरिक्त जिले में गठित अन्य दलों द्वारा कल से आज सुबह तक अवैध मदिरा के विभिन्न विक्रय स्थानों, होटल, ढाबों पर भी कार्यवाही की गई। मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं में कुल 35 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। इनमें 212.45 लीटर देशी/विदेशी/ हाथभट्टी मंदिरा जब्त की गयी तथा 1650 किलो महुआ लहान जब्त कर नष्ट किया गया। सभी जब्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 2 लाख 10 हजार रुपये है। आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, संग्रहण और विक्रय पर इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# मंत्री सिलावट ने ली आउट डोर पूर्वी रिंग रोड के सम्बध में बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर**। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने संबंधित विभागों के अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों के साथ आउटडोर पूर्वी रिंग रोड के सम्बध में बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राज मार्ग प्रधिकारण द्वारा जो पूर्वी रिंग रोड़ का निर्माण किया जा रहा है उक्त रोड़ में शासकीय भूमि का उपयोग किया जाये। बताया गया कि शासन से आग्रह किया गया है कि पूर्वी रिंग रोड़ में आने वाले 7 गांवों में रोड़ निर्माण के लिये 10 से 12 किलो मीटर की शासकीय जमीन उपलब्ध है, इस शासकीय भूमि का उपयोग पूर्वी रिंग रोड़ निर्माण में किया जाना चाहिये। इससे किसानों की जमीन रोड़ निर्माण में जाने से बचेगी। यहां किसानों की निजी उपजाउ जमीन है। सभी किसान सीमांत किसान है।



# बिजली गिरने से टीकमगढ़ में 14 वर्ष के बालक की मौत

**टीकमगढ़।** मध्य प्रदेश के जिलों में अब आकाशीय बिजली का प्रकोप भी दिखने लगा है। टीकमगढ़ में एक 14 वर्षीय बालक की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। उस समय वह खेत पर काम कर रहा था। इसी तरह निवाड़ी जिले में बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे छह लोग बिजली की चपेट में आने से झुलस गए। उनका इलाज किया जा रहा है। टीकमगढ़ जिले के पुलिस थाना मोहनगढ़ के अंतर्गत आने वाले पूछी गांव के रहने वाले अनुराग रजक, उम्र 14 वर्ष, की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई है। इसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पंचनामा के बाद लाश को टीकमगढ़ जिला चिकित्सालय पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। यहां पर उसका पोस्टमॉर्टम किया जाएगा। परिजनों ने बताया कि बालक खेत पर काम कर रहा था तभी अचानक तेज पानी आया और आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

# किसान की उंगलियां काटी, पत्थर से सिर फोड़ा

**गुना।** गुना में हमलावरों ने पत्थर मारकर किसान का सिर फोड़ा। इसके बाद उसके बाएं हाथ की तीन अंगुलियां काट दी। घटना बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात 12 बजे की है। होश में आने पर तड़के 3 बजे किसान घर पहुंचा। परिजन उसे अस्पताल ले गए। साथ ही इस घटना को लेकर थाने में केस दर्ज कराया। हमलावर पीड़ित किसान के गांव के ही रहने वाले हैं। आरोप है कि 7 साल पहले उन्होंने किसान के बेटे का मर्डर कर दिया था। इसकी वजह उनके परिवार की एक बेटी से प्रेम प्रसंग था। लोअर कोर्ट से आरोपी बरी हो गए। अब केस हाईकोर्ट में है। बताया जा रहा है कि आरोपी केस वापस लेने का दबाव बना रहे हैं।

# 5 साल की बच्ची का शव मिला

**टीकमगढ़।** टीकमगढ़ में 5 साल की बच्ची का शव मिला है। बच्ची के सिर पर चोट के निशान हैं। परिजन ने हत्या की आशंका जताई है। गुरुवार सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया। देहात थाना प्रभारी रवि गुप्ता ने बताया कि ग्राम पंचायत आलमपुरा में बनी तलैया के पास बच्ची का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। शव को एम्बुलेंस में रखकर देहात थाने लाया गया। मामले की जांच की जा रही है। इसी तरह निवाड़ी जिले के पुलिस थाना पृथ्वीपुर के अंतर्गत आने वाले चंदेली टोरिया गांव में आकाशीय बिजली गिरने से छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना की सूचना मिलने पर तुरंत प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें नजदीकी सरकारी अस्पताल पृथ्वीपुर भिजवाया। सभी की हालत गंभीर होने पर झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। राजकुमार ने बताया कि अचानक तेज बारिश और बिजली चमकने के बाद सभी लोग पेड़ के नीचे खड़े हो गए थे। वह अपने खेत में काम कर रहे थे। कुछ लोग वहां बकरियां और भैंसों को चरा रहे थे। आकाशीय बिजली गिरने से सभी छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि इन सभी घायलों को तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल पृथ्वीपुर लाया गया। हालत गंभीर होने के कारण सभी को झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। हादसे में छह बकरियों की मौत हो गई है।

**14 आईएएस के तबादले**

# सुदामा खाड़े बने आयुक्त जनसंपर्क, विनोद कुमार संचालक आदिम जाति कल्याण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने गुरुवार देर रात बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की। 14 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों की नवीन पदस्थापना के आदेश जारी किए। ग्वालियर संभाग के आयुक्त सुदामा खाड़े को दोबारा जनसंपर्क आयुक्त बनाया गया है। अब संदीप यादव को जनसंपर्क आयुक्त के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। वहीं, आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी मध्य प्रदेश के महानिदेशक तथा कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव 1989 बैच के विनोद कुमार को आदिम जाति अनुसंधान एवं विकास संस्थान का संचालक बनाया गया है। वन विभाग के अपर मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया को आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी का महानिदेशक बनाया गया है।



इसके अलावा स्कूल शिक्षा विभाग की प्रमुख सचिव रश्मि अरुण शमी को खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है। उनके पास आनंद विभाग के प्रमुख सचिव का भी अतिरिक्त प्रभार रहेगा। वहीं, पंजीयन महानिरीक्षक एवं अधीक्षक, मुद्रांक मध्य प्रदेश भोपाल तथा किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के आयुक्त सह संचालक एम सेलवेंन्द्रन को किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग का सचिव तथा पंजीयन महानिरीक्षक एवं अधीक्षक मुद्रांक मध्य प्रदेश भोपाल तथा आयुक्त-सह-संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के सचिव डॉ. संजय गोयल को स्कूल शिक्षा विभाग का सचिव बनाया गया है। वहीं, मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, जबलपुर के प्रबंध संचालक रघुराज एम आर को तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग का सचिव पदस्थ किया गया है। शहडोल संभाग के आयुक्त बाबूसिंह जामोद को रीवा संभाग का आयुक्त तथा शहडोल संभाग के आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं, वाणिज्यक कर आयुक्त एवं श्रम आयुक्त स्वतंत्र कुमार सिंह को भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग का संचालक बनाया गया है। जल संसाधन विभाग के सचिव कृष्णगोपाल तिवारी को नर्मदापुरम संभाग का आयुक्त, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज खत्री को ग्वालियर संभाग का आयुक्त बनाया गया है। राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक एवं स्कूल शिक्षा विभाग के अपर सचिव धनराजू एस को वाणिज्य कर इंदौर में विशेष कर्तव्यस्थ सह आयुक्त तथा श्रम आयुक्त इंदौर पदस्थ किया गया है। वहीं, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अपर सचिव हरजिंदर सिंह को राज्य शिक्षा केंद्र तथा पदेन अपर सचिव स्कूल शिक्षा विभाग का संचालक बनाया गया है।

# भोपाल में दो कोचिंग सेंटर, एक गेम जोन और एक कैफे सील, फायर सेफ्टी के उल्लंघन पर कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भोपाल में जिला प्रशासन ने दो कोचिंग सेंटर पर गुरुवार को कार्रवाई की है। दोनों में फायर सेफ्टी का उल्लंघन किया जा रहा था। इसके अलावा एक गेम जोन और एक कैफे पर भी कार्रवाई हुई है। एमपी नगर एसडीएम एलके खरे ने बताया कि कोचिंग सेंटर, गेम जोन और कैफे संचालक को फायर सेफ्टी का इंतजाम करने को कहा गया था, लेकिन उन्होंने निर्देशों का पालन नहीं किया। उन्होंने बताया कि रिजोनेंस एवं स्टेप अप कोचिंग सेंटर के कार्यालय को सील किया गया है। बच्चों की पढ़ाई का ध्यान रखते हुए कक्षाओं को सील नहीं किया गया। इसके अलावा इंफिनिटी गेम जोन एवं एक कैफे को भी सील करने की कार्रवाई की गई है। बता दें, 12 जून को भोपाल कलेक्टोरेट सभाकक्ष में एडीएम



हिमांशु चंद्र ने कोचिंग संस्थानों, रेस्टॉरेंट और होटल संचालकों की बैठक ली थी। इसमें उन्होंने कहा था कि जिनके पास फायर सेफ्टी की एनओसी नहीं है और हाइड्रेंट सिस्टम नहीं लगा है, वे सभी एक सप्ताह के भीतर आवश्यक व्यवस्थाएं कर रिपोर्ट प्रस्तुत कर दें।

निर्देश के 15 दिन बीत जाने के बाद भी कई संस्थाओं ने फायर सेफ्टी के इंतजाम नहीं किए। इसलिए गुरवार को जांच करने के लिए प्रशासन को मैदान में उतरना पड़ा। शिक्षा विभाग के अभिषेक वैश्य व अन्य विभागों के द्वारा संयुक्त निरीक्षण में पाया कि रिजोनेंस एवं स्टेप अप कोचिंग एम पी नगर द्वारा आदेश का पालन नहीं किया गया। इसी का पालन न करने के कारण दोनों कोचिंग के कार्यालय को सील कर दिया है। बच्चों की पढ़ाई का ध्यान रखते हुए कक्षाओं को सील नहीं किया है। इसी के साथ एमपी नगर स्थित इंफिनिटी गेम जोन एवं एक कैफे को भी फायर सिस्टम के नॉर्म्स का पालन न करने का कारण सील कर दिया गया है।

# अनिरुद्धाचार्य की फोटो को एडिट कर लगा दी भैंस, सोशल मीडिया में पोस्ट कर लिखी गाली, मामला दर्ज



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उमरिया।** हिंदू धर्म के कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के खिलाफ अपमानजन हरकत और विवादित टिप्पणी करने पर उमरिया थाने में मामला दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार मोहम्मद अरमान नाम के शख्स ने हिंदू धर्म के कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर टिप्पणी की। साथ ही उनकी फोटो को एडिट कर कटे हुए भैंस का फोटो लगा दिया था। इसके अलावा उनकी फोटो पर अंग्रेजी में गाली भी लिख दी थी। इस मामले को लेकर में हिंदू धर्म में रोष बना हुआ है। घटना को लेकर शिवम तिवारी और कुछ अन्य लोगों ने थाना कोतवाली में पहुंचकर आपत्ति दर्ज कराई। इतना ही नहीं थाने में पहुंचकर उन्होंने एफआईआर की मांग की। सब तथ्यों की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी कोतवाली ने आवेदन लेकर मामला दर्ज कर लिया है। हिंदू धर्म और आस्था के खिलाफ चोट पहुंचाने वाले आरोपी मोहम्मद अरमान के खिलाफ थाना कोतवाली में धारा 153 (क) धारा 295 (क) और धारा 505 (2) दर्ज कर ली गई है। पुलिस पूरे मामले में जांच कर रही है।

# लड़की वालों को कुचलने के लिए बारातियों ने दौड़ा दी कारें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर।** मध्य प्रदेश के सीहोर जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक शादी समारोह में किसी बात पर वर और वधू पक्ष में कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई और पथराव तक हुआ।

देखते ही देखते वर पक्ष अपनी कारों में सवार हुआ और मैदान में मौजूद वधू पक्ष को कुचलने के लिए कारें दौड़ा दीं। अफरा-तफरी के इस दृश्य को घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने कैमरे में कैद किया और वीडियो को वायरल कर दिया। हालांकि, दोनों पक्षों में आखिर समझौता हो गया इसलिए मामला पुलिस तक नहीं पहुंचा। बताया जा रहा है कि सीहोर के मन्यशया गांव



से वर पक्ष के लोग बारात लेकर बुगलीबाली गांव पहुंचे थे। यहां किसी बात पर विवाद हुआ। विवाह बेलदार समाज का था। मंगलवार शाम को हुए इस विवाद के बाद देर रात दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। इसके चलते किसी ने पुलिस में शिकायत नहीं की है। वीडियो में दो कारें एक खाली खेत में तेज गति से भाग रही हैं। आसपास बहुत भीड़ है। कारें भीड़ की तरफ जाती हैं और भीड़ तितर-बितर हो जाती है। फिर कार सवार कुछ लोगों के पीछे कार दौड़ा दे रहे हैं। इस दौरान लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भाग रहे हैं। वीडियो में कुछ लोग गाड़ियों पर पत्थर फेंकते भी नजर आ रहे हैं। इस विवाद में दोनों तरफ के कई लोग घायल हुए हैं। मामला यह है कि सीहोर में दौलतपुरा ग्राम पंचायत के मन्यशया गांव में रहने वाले शब्बीर बेलदार के बेटे की शादी बुगली निवासी इसराइन बेलदार की बेटी से तय हुई थी। मंगलवार को बारात बुगलीबाली पहुंची। यहां दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। बहस से शुरू होकर बात मारपीट तक पहुंच गई। लड़की वालों ने लड़के पक्ष के लोगों के साथ मारपीट की।

## संपादकीय


# मोबाइल की लत

आज के दौर में आधुनिकता का एक पैमाना यह भी प्रचारित किया गया है कि कोई व्यक्ति नई तकनीकी का कितना इस्तेमाल करता है। इस धारणा की जद में वे तमाम लोग हैं, जो जरूरत होने पर या फिर गैरजरूरी तरीके से तकनीक पर निर्भर हो चुके हैं। विडंबना यह है कि इस धारणा का आकर्षण बच्चों को भी अपने दायरे में ले चुका है और उनके कोमल मन-मस्तिष्क को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। अरुणाचल प्रदेश के एक स्कूल में जब एक पंद्रह वर्षीय किशोर को मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने की वजह से स्कूल छोड़ने को कहा गया, तो उसके बाद किशोर के आत्महत्या कर लेने की खबर आई। सवाल उठता है कि आए दिन स्मार्टफोन की लत की वजह से बच्चों के भीतर अप्रत्याशित प्रतिक्रिया होने की खबरें आने के बावजूद स्कूल प्रबंधन ने संवेदनशील तरीके से इस मसले का हल निकालना जरूरी क्यों नहीं समझा? स्कूल में मोबाइल का उपयोग प्रतिबंधित होने के बाद भी अगर वह किशोर ऐसा कर रहा था तो यह उसकी मानसिक परिस्थितियों या लत का नतीजा हो सकता है। इस स्थिति में उसे हिदायत देने के क्रम में मनोवैज्ञानिक पहलुओं का ध्यान रखा जाना चाहिए था। सच यह है कि आज बच्चों और किशोरों के भीतर अगर स्मार्टफोन देखने को लेकर अतिरेक की हद तक व्यस्तता देखी जा रही है तो इसका कारण मनोविज्ञान ही है। सिमटे परिवार और कामकाजी व्यस्तता के दौर में बच्चों के साथ घुलने-मिलने और खेलने के लिए अभिभावकों के पास समय नहीं है और बच्चों के हाथ में स्मार्टफोन देकर अभिभावक सोचते हैं कि उनका बच्चा आधुनिक और अद्यतन हो रहा है। मगर उसे जरूरत या फिर गैरजरूरी होने पर भी लगातार देखते रहने पर बच्चे का कोमल मन-मस्तिष्क एक तरह के सम्मोहन का शिकार हो जाता है और उसी से उसकी मानसिक परिस्थितियां संचालित होने लगती हैं। वह मोबाइल के स्क्रीन के प्रभाव में इस हद तक आ जाता है कि उसे छोड़ने पर उसका विवेक काम करना बंद कर सकता है और ऐसी स्थिति में कई बार वह खुद को नुकसान पहुंचा लेता है। इसलिए अगर कोई बच्चा इस परेशानी का शिकार हो तो उसके प्रति सख्ती के बजाय संवेदनशील और मनोवैज्ञानिक तौर-तरीकों का सहारा लेना चाहिए।

**अर्ज़ किया है..!**

*छुप जाएँ कहीं आ कि*
*बहुत तेज़ है बारिश*
*ये मेरे तिरे जिस्म तो*
*मिट्टी के बने हैं*

– सबा इकराम



**प्रेमपूर्ण, करुणामय और शांतिपूर्ण होने के लिए किसी आध्यात्मिक उपदेश या साधना की जरूरत नहीं होती। बस थोड़ी सी समझधारी चाहिए।**

– जग्गी वासुदेव

## धर्म-कर्म

# नौकरी के लिए दूसरे शहर में जाने से डर रही हैं महिलाएं

### जानिए क्या है वजह

कोरोना काल का असर हर किसी के जीवन पर हुआ है। भले ही अब पैंडेमिक जैसे हालात नहीं लेकिन इसका असर अब भी लोगों के जीवन पर दिख रहा है। विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोना महामारी के बाद ग्रामीण इलाकों की महिलाएं नौकरी के लिए शहर जाने से डर रही हैं। वेतन को लेकर उनकी उम्मीदें भी कम हुई हैं।



### ◆ महिलाओं में नौकरी छूटने का डर बढ़ा

दरअसल, कोरोना के कारण महिलाओं में नौकरी छूटने का डर पहले से बढ़ गया है। वहीं महामारी ने महिलाओं में अनिश्चितता और सामाजिक सुरक्षा की कमी को भी जन्म दिया। उन में कोरोना के दोबारा आने की आशंका है, जिसकी वजह से वह अधिक वेतन नहीं मांग रही हैं।

### ◆ महिलाओं के वेतन आकांक्षाओं में 25 फीसदी की गिरावट

इस रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रामीण इलाकों में महिलाओं की वेतन आकांक्षाओं में 25 फीसदी की गिरावट आई है। वहीं पलायन की इच्छा में 65 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई और इसी कारण ग्रामीण महिलाओं में नौकरी के लिए दूसरे शहर जाने का अंतर 90 % तक कम हुआ है। चूंकि नौकरी के लिए दूसरे शहर न जाने के कारण पलायन में कमी आई और इसी वजह से महिलाओं की आय में भी कमी दर्ज की गई।

### ◆ 3180 महिलाओं पर विश्व बैंक का सर्वेक्षण

विश्व बैंक ने 3180 महिलाओं के सर्वेक्षण के आधार पर यह रिपोर्ट दी है। बता दें कि वर्ष 2020 में ही यूएन वुमन ने नए वैश्विक डाटा में यह संभावना जताई थी कि कोरोना महामारी के कारण लैंगिक समानता में हुई बढ़ोतरी के मामले 25 साल पुराने स्तर तक पिछड़ सकते हैं।

New Delhi

# दिल्ली एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा, टर्मिनल-1 की छत गिरी, 1 व्यक्ति की मौत, 6 घायल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 की छत का एक हिस्सा गिर गया। जिसकी चपेट में आकर कई कारें दब गईं। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है जबकि छह लोग घायल हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

दिल्ली फायर ब्रिगेट के एक अधिकारी ने बताया, 'सुबह करीब 5.30 बजे हमें दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर छत गिरने की सूचना मिली। दमकल की तीन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया है।' शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में हुई भारी बारिश के बीच यह हादसा



हुआ। इसी बीच, दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में जलभराव देखा गया। साउथ दिल्ली में गोविंदपुरी और नोएडा सेक्टर 95 में जलभराव देखने को मिला। दिल्ली की सड़कों पर पानी भर गया है। वहीं आईटीओ पर बारिश की वजह से गाड़ियां रेंगती हुई दिखी।

घटना को लेकर डायल के प्रवक्ता ने कहा, 'आज सुबह से ही भारी बारिश की वजह से दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 के पुराने डिपार्चर फोरकोर्ट में कैनोपी का एक हिस्सा सुबह 5 बजे के आसपास नीचे गिर गया। हादसे में लोगों के घायल होने की खबर है। इमरजेंसी कर्मचारी प्रभावित लोगों को सभी आवश्यक सहायता और चिकित्सा सहायता देने का काम कर रहे हैं। इस घटना की वजह से, टर्मिनल-1 से सभी डिपार्चर अस्थायी रूप से सस्पेंड कर दिए गए हैं।

Uttarpradesh

## अरबाज ने चाहत से की लव मैरिज, फिर 6 महीने बाद ही सिर काटकर मार डाला

### नदी में शव फेंकते समय पकड़ा गया 'कातिल' पति

**मुजफ्फरनगर, (एजेंसी)** यूपी के मुजफ्फरनगर में हत्या की एक सनसनीखेज वारदात हुई है. लव मैरिज के बाद पत्नी की हत्या कर उसके शव को ठिकाने लगाने की कोशिश के दौरान ही पुलिस ने आरोपी पति को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया. आरोपी ने पहले बेरहमी से अपनी पत्नी का सिर काट दिया और उसके बाद हाथ को भी धड़ से अलग कर दिया. आरोपी ने शव के चार टुकड़े किए थे.

इस हत्या की वारदात को लेकर एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अरबाज नाम के आरोपी ने लगभग छह महीने पहले उत्तराखंड की रहने वाली युवती चाहत (उम्र- 21 साल) से शादी की और अपने परिवार को बताए बिना किराए के कमरे में रहना शुरू कर दिया. उन्होंने बताया कि एक हफ्ते पहले अरबाज ने चाहत की किसी तेज धार वाली चीज से हत्या कर दी और उसका सिर और हाथ काट दिया.इस घटना को लेकर एसपी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि नगर थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से काली नदी की तरफ गए हैं और काली नदी पर जाने के बाद एक बोरे को नदी में बहाने की कोशिश कर रहे हैं, सूचना पर तुरंत थाना कोतवाली पुलिस और एएसपी मौके पर पहुंचे.

उन्होंने कहा, 'एक आरोपी पुलिस को देखते ही वहां से फरार होने में कामयाब हो गया और दूसरे युवक को जब पकड़ कर पूछताछ की गई तो बोरे से एक सिर कटी लाश मिली.

आरोपी ने बताया कि उसने लगभग 6 महीने पहले 21 साल की चाहत से शादी की थी. पिछले 6 महीनों के दौरान इन दोनों के बीच में कई बातों को लेकर अनबन हुई और झगड़े होने लगे.

Uttarakhand

## हरिद्वार में नाबालिग लड़की की गैंगरेप के बाद हत्या, बीजेपी नेता पर लगे आरोप

**हरिद्वार, (एजेंसी)** हरिद्वार के बहादराबाद थाने के शांतरशाह क्षेत्र से एक 13 साल की नाबालिग लड़की के साथ शादी का झांसा देकर गैंगरेप और हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है. पीड़िता की मां ने स्थानीय थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है. लड़की के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में अमित सैनी और प्रधानपति आदित्य राज सैनी को आरोपी बनाया गया है. लड़की का शव पतंजलि रिसर्च सेंटर के सामने से बरामद किया गया था.

पीड़ित मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 2363, 366, 120 (बी), 376(ए), 376 (डी) और 5(जी)6 पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है. एसपी सिटी के नेतृत्व में पांच टीम बनाई है. मृतका की मां का कहना है कि आरोपी को फांसी होनी चाहिए. अमित सैनी फोन कर उनकी बेटी को बुलाया और कहा कि मैं तेरे से शादी करूंगा. इस मामले पर समाजसेवी अंकित नौटियाल का कहना है कि मंगलवार शाम 6 बजे जैसे ही पीड़ित के द्वारा बताया गया कि उनकी बेटी परसों रात शाम 6 बजे एक लड़के ने उसे फोन करके बुलाया था. बच्ची की मां ने घर पर आकर बेटी को कॉल किया तो फोन लड़के ने उठाया और कहा कि लड़की थोड़ी देर में आ जाएगी और थोड़ी देर में नहीं आई तो मैं सुबह तक घर छोड़ दूंगा.

Karnataka

## कर्नाटक में खड़े ट्रक से टकराई बस, 13 लोगों की मौत, तीर्थयात्रा से लौट रहे थे लोग

**हावेरी (कर्नाटक), (एजेंसी)** कर्नाटक के हावेरी जिले के ब्यादगी तालुक में शुक्रवार तड़के एक वैन की खड़े ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित शिवमोगा के रहने वाले थे और देवी यल्लम्मा के दर्शन के लिए तीर्थयात्रा के बाद बेलगावी जिले के सवादट्टी से लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि ऐसा लगता है कि बस के चालक को नींद आ गई थी, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई।

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह ब्यादगी तालुक के गुंडेनहल्ली क्रॉस पर वैन और लॉरी के बीच टक्कर होने से 13 लोगों की मौत हो गई। इस दौरान चार अन्य घायल हो गए। दुर्घटना सुबह करीब 3.45 बजे हुई। पुलिस के मुताबिक, वैन ने सड़क के किनारे खड़ी लॉरी को टक्कर मार दी। लॉरी हावेरी जिले के ब्यादगी में राष्ट्रीय राजमार्ग 48 के किनारे खड़ी थी। वैन में कुल 17 लोग सवार थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इनमें से 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। चार घायलों में से दो अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हैं।

हावेरी के पुलिस अधीक्षक अंशु कुमार श्रीवास्तव ने पीटीआई को बताया कि पीड़ित चिंचोली मायाम्मा देवस्थान से शिवमोग्गा जिले में अपने पैतृक गांव येमेहट्टी जा रहे थे। ट्रक हाईवे के किनारे खड़ा था। टेम्पो ट्रैवलर ने पीछे से ट्रक को टक्कर मार दी। शवों को शवगृह में रखवा दिया गया है।

खेल

# रोहित-सूर्या का तूफान... फिर गेंदबाजों का कहर, भारत ने सेमीफाइनल में ऐसे अंग्रेजों को पटका

**गुयाना.** टीम इंडिया ने आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में जगह बना ली है. 27 जून (गुरुवार) को गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड को 68 रनों से हरा दिया. सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को जीत के लिए 172 रनों का टारगेट मिला था, लेकिन उसकी पूरी टीम 16.4 ओवर्स में 103 रनों पर ढेर हो गई. अब फाइनल मैच में भारत का सामना साउथ अफ्रीका से होगा. बता दें कि साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान को 9 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई. फाइनल मुकाबला 29 जून को ब्रिजटाउन (बारबाडोस) में खेला जाएगा.

भारतीय टीम तीसरी बार टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची है. इससे पहले उसने 2007 और 2014 के संस्करण के भी फाइनल में जगह बनाई थी. 2007 के संस्करण में तो भारतीय टीम खिताब जीतने में भी





कामयाब रही थी. अब भारत के पास दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीतने का मौका है. यदि भारतीय टीम खिताब जीतती है तो 11 सालों का सूखा भी खत्म हो जाएगा. भारतीय टीम ने आखिरी बार 2013 में आईसीसी खिताब जीता था. तब महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में भारत ने इंग्लैंड को हराकर चैम्पियंस ट्रॉफी अपने नाम किया था. सेमीफाइनल मुकाबले में टारगेट का पीछा करते हुए इंग्लैंड के बल्लेबाज भारतीय स्पिनर्स के सामने बेबस नजर आए. चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव और बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल की धांसू गेंदबाजी ने अंग्रेजों के होश उड़ा दिए. इंग्लैंड की ओर से केवल हैरी ब्रूक (25 रन), जोस बटलर (23 रन), जोफ्रा आर्चर (21 रन) और लियाम लिविंगस्टोन (11 रन) ही दोहरे अंकों तक पहुंच सके. भारत के लिए कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने तीन-तीन विकेट लिए. वहीं जसप्रीत बुमराह को दो विकेट हासिल हुए. जबकि इंग्लैंड के दो खिलाड़ी रन आउट हुए.

इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने सात विकेट पर 171 रन बनाए थे. मैच में भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही. भारत ने पावरप्ले में ही दो विकेट खो दिए. पहले विराट कोहली (9) को रीस टॉप्ली ने बोल्ड किया. फिर ऋषभ पंत (4) को सैम करन ने पवेलियन भेज दिया. 40 रनों पर दो विकेट गिरने के बाद कप्तान रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव ने पारी को संभाला. रोहित-सूर्यकुमार के बीच तीसरे विकेट के लिए 73 रनों की साझेदारी हुई. इस साझेदारी के चलते ही भारतीय टीम अच्छे स्कोर तक पहुंचने में सफल रही.

रोहित शर्मा ने 39 गेंदों पर 57 रन बनाए, जिसमें छह चौके और दो छक्के शामिल रहे. वहीं सूर्यकुमार यादव ने चार चौके और दो छक्के की मदद से 36 गेंदों पर 47 रन बनाए. इसके बाद स्लॉग ओवर्स में हार्दिक पंड्या और रवींद्र जडेजा ने अच्छी बल्लेबाजी की. हार्दिक पंड्या ने दो चौके और एक छक्के की मदद से 23 रन बनाए. वहीं रवींद्र जडेजा ने 9 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 17 रन बनाए.

सिनेमा

## पलक तिवारी की अदाओं पर फिदा हुए इब्राहिम अली खान, अमृता सिंह के बेटे ने तस्वीर देख कह दी दिल की बात



सारा अली खान के भाई इब्राहिम अली खान और श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी के बीच लंबे समय से कोई खिचड़ी पक रही है लेकिन कुछ भी शीशे की तरह साफ नहीं हो पा रहा है। इन दोनों के अफेयर की चर्चा है और इसी कारण ये सुर्खियों में अक्सर छाए रहते हैं। इन्हें कई बार तो साथ में देखा भी गया है। अब पलक की फोटो पर इब्राहिम ने अपनी प्रतिक्रिया दी है, जिससे इंटरनेट पर हल्ला मच गया है। दरअसल, पलक तिवारी ने 27 जून को अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो पोस्ट की। इसमें वह हरे और ग्रे कलर के आउटफिट में नजर आ रही हैं। कभी वह बालकनी पर बैठी हुई दिख रही हैं तो कभी उस पर हाथ से टेक लगाए टुकुर-टुकुर निहारते हुए दिख रही हैं। वह वादियों में खोई हुई दिख रही हैं। अब इसी पोस्ट पर इब्राहिम अली खान ने रिएक्ट किया है। पलक तिवारी इस फोटो में मौसम का आनंद ले रही हैं। वह छत पर खड़ी हैं। कैप्शन दिया है, 'मेरा USPA मॉनसून।' अब इसी फोटो पर इब्राहिम अली खान ने लाइक बटन दबाया और कमेंट में लिखा, 'अच्छी लग रही हो।' उन्होंने एक स्टीकर के जरिए अपनी भावना को जाहिर किया। इनके रिएक्शन ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा है। हाल ही में पलक और इब्राहिम को सैफ अली खान के लाडले के घर से निकलते हुए देखा गया था। दोनों ने काले रंग के कपड़े पहने थे।

## Highlights

1. Black ink thrown at Owaisi's Delhi home after he said 'Jai Palestine' in Lok Sabha
2. 6 injured as Delhi Airport roof collapses on vehicles amid heavy rain; operations stopped
3. How has police solved the mystery behind finger found in ice cream in Mumbai?
4. West undermining trilateral efforts with India & China: Russia
5. Delhi's Pragati Maidan tunnel closed due to waterlogging

# Mix-up of mutual funds: Quantum MF clarifies it is different from probe-hit Quant MF

**NEW DElHI, (Agency).** Quantum Mutual Fund has issued a statement distancing itself from the similarly-named Quant Mutual Fund after the latter came under Sebi scanner over allegations of front-running. In the last three days, Quant Mutual Fund investors have redeemed investments worth ₹1,400 crore as the market regulator reportedly started a probe over allegations of "front running".

"Quantum MF and Quant MF are separate entities," Quantum MF posted in an "important update" for its investors on social media yesterday.

"This is to clarify that Quantum Mutual Fund and Quant Mutual Fund are two different mutual fund houses," the mutual fund house posted. "Quantum MF follows an investor First approach



and has initiated many best practices which the industry has adopted years and decades after Quantum MF adopted them. Quantum MF has a robust research and investment process, and offers simple investment solutions for sensible, long-term investing," it added.

In a separate graphic, the mutual fund house also said "a suit has been filed in the Mumbai High Court against Quant MF, restricting the use of the Trade Name Quant Mutual Fund which creates confusion with the Trade Name Quantum Mutual Fund." The suit is pending in the High Court.

The clarification led to much amusement among investors and social media users. The comment section of Quantum Mutual Fund's post was filled with laughing face emojis.

According to Reuters, the Securities and Exchange Board of India (SEBI) has begun investigating allegations of "front running"- or dealing on price-sensitive information before its general release - at Quant MF.

# Sebi regulates finfluencers, bans registered entities from associating with them

**NEW DElHI, (Agency).** Capital markets watchdog Sebi on Thursday decided to regulate financial influencers or finfluencers amid growing concerns about potential risk associated with such persons.

Why is SEBI regulating finfluencers?

In order to address the concerns related to certain persons including unregulated entities inducing investors to deal in securities



based on inappropriate claims, Sebi board approved norms to restrict associations between its regulated entities and unregistered individuals.

This came amid growing concern over the potential risks associated with unregulated finfluencers who might offer biased or misleading advice. They usually work on a commission-based model.

The persons regulated by Sebi and the agents of such persons will not have any association like any transaction involving money, referral of a client, interaction of information technology systems with any other person who, directly or indirectly, provides advice recommendation or makes explicit claim of return or performance.

Finfluencers have significantly impacted their followers' financial decisions in the last few years and thus Sebi's regulatory framework can make them accountable and responsible for the advice they provide.

# बोलेरो से विदेशी शराब बरामद

## क्राइम ब्रांच के एसआई ने 15 पेटी विदेश शराब के साथ पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पुलिस ने भिंड में रहने वाले एक व्यक्ति को बोलेरो में विदेशी शराब के साथ पकड़ा है। आरोपी शराब की खेप लेकर देवास की तरफ जा रहा था। इसके पहले ही पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया।**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक छोटे सिंह उर्फ विकास पुत्र रणवीर सिंह भदौरिया को एलआईजी चौराहे से पकड़ा है। छोटे सिंह बोलेरो नंबर टढ0935772 में करीब 15 पेटी शराब लेकर जा रहा था। उसने शराब गाड़ी में छिपाकर रखी थी। सभी शराब की बोतलें विदेशी है। जिसकी कीमत करीब 2 लाख 50 हजार है। पुलिस के मुताबिक आरोपी पलासिया की तरफ से आ रहा था और उसे देवास के आगे इसकी डिलीवरी करना थी। आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि उसे फोन पर डिलीवरी को लेकर कॉल आया था। जिसमें उसे कमीशन के कुछ रुपए मिलना थे। पुलिस के मुताबिक यह जानकारी निकाली जा रही है कि शराब किसकी थी।

### पलासिया से मांगलिया दुकान पर जा रही थी शराब

जानकारी के मुताबिक उक्त शराब पलासिया की शराब दुकान से मांगलिया की शराब दुकान में भेजी जा रही थी। यहां बाइक से क्राइम ब्रांच के एसआई का निकलना हुआ। इस दौरान उसने गाड़ी में शराब देखी और ड्राइवर को रोककर पूछताछ की। बाद में एमआईजी पुलिस को मौके पर बुलाकर शराब और आरोपी को सुपुर्द कर दिया। बताया जाता है कि शराब एक ठेकेदार की थी। जिस पर पुलिस ने केस बना दिया। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों को आरोपी बनाया है। अभी तीन फरार बताए गए हैं।

# सोलर पेनल के नाम पर हड़पे 4 लाख रुपए

## बुजुर्ग महिला केसाथ वारदात, केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बुजुर्ग महिला के साथ आरोपी ने धोखाधड़ी करते हुए सोलर पेनल के नाम पर 4 लाख रुपए हड़प लिए। करीब डेढ़ साल बाद भी जब सोलर पेनल नहीं लगा तो पुलिस की शरण लेते हुए केस दर्ज कराया। मामला भंवरकुआं थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि रामसिंह बघेल की शिकायत पर आरोपी दीपक हार्डिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है । यहां 70 वर्षीय निर्मला देवी ने मामले में शिकायती आवेदन दिया था । बुजुर्ग महिला इंद्रपुरी कॉलोनी में रहती हैं। दीपक हार्डिया ने उन्हें झांसे में लिया और बिजली बिल बचाने के लिए सोलर पैनल लगवाने के लिए तैयार किया । महिला उसके लिए तैयार हो गई आरोपी ने उन्हें चार लाख 43 हजार का एस्टीमेट देकर पैसा ले लिया। पैसा लेने के डेढ़ वर्ष बाद भी सोलर पैनल नहीं लगाया तो बुजुर्ग महिला ने अफसरों से इसकी शिकायत की इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज किया।

## पति-सास और ननद पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राऊ इलाके में ससुराल में प्रताड़ित होकर एक नवविवाहिता ने एसिड पी लिया। उसे अस्पताल में भर्ती किया गया। पुलिस ने पीड़िता के कथन के बाद पति व अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। थाना राऊ पुलिस के मुताबिक पीड़िता का नाम सविता पति गोपाल सोलंकी निवासी संजय नगर राऊ है। उसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने पति गोपाल सोलंकी,सास धनीबाई सोलंकी और ननद शांताबाई निवासी धन्नड पीथमपुर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। घटना 23 जून की है। पीड़िता सविता ने अपने कथन में पुलिस को बताया कि ससुराल में आरोपी सास और ननद झगड़ा करते हैं। वे घर से बाहर निकालने के लिए बोलते हैं। इसलिए परेशान होकर मैं मायके आ गई थी उसी दिन रात 8 बजे मेरे पति गोपाल मेरे मायके आया और मेरे भाई और मां से झगड़ा करने लगा। गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। इसलिए गुस्से में आकर मैंने एसिड पी लिया था। पुलिस ने महिला के कथन और अन्य बिंदुओं पर जांच के बाद आरोपी पति,सास और ननद के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

## लाखों के जेवर ले उड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। लसूडिय़ा इलाके में चोर घर की तीसरी मंजिल के रोशनदान से घर में घुसा और जेवर चोरी कर ले गया। पुलिस अब बदमाश को तलाश रही है। लसूडिय़ा थाने में फरियादी धीरेंद्र शर्मा पिता शिव पूजन शर्मा निवासी स्कीम नंबर 78 की शिकायत पर अज्ञात बदमाश के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि घटना दोपहर से रात के बीच में हुई है। उनके घर पर कोई नहीं था, बदमाश घर की तीसरी मंजिल के रोशनदान को तोडक़र घर के अंदर आया और सोने के जेवरात ले गया। कितना माल चोरी हुआ है, फिलहाल धीरेंद्र शर्मा नहीं बता पाए हैं। उनका कहना है अलग से लिस्ट और कीमत देंगे।

## वृद्धा के रेस्टारेंट में तोडफ़ोड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बाणगंगा इलाके के लोट्स पार्क में एक वृद्ध महिला रेस्टोरेंट संचालित कर अपना गुजर बसर करती है। उसके रेस्टोरेंट पर एक युवक ने दोस्तों के साथ खाना खाया, महिला ने जब पैसे मांगे तो आरोपियों ने मारपीट कर रेस्टोरेंट में तोडफ़ोड़ कर दी। सुभाषिनी जोशी उम्र 70 वर्ष की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी आकाश उर्फ अक्कू और उसके साथी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सुभाषिनी ने पुलिस को बताया कि आरोपी उनके साईं कृपा रेस्टोरेंट पर खाना खाने आए थे, खाना खाने के बाद उनसे जब पैसे मांगे तो आरोपियों ने पैसे देने से इनकार करते हुए गुंडागर्दी शुरू कर दी। सुभाषिनी ने उन्हें डांटा तो आरोपियों ने उनसे मारपीट की और रेस्टोरेंट में तोडफ़ोड़ कर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। ग्राम सोनवाय निवासी दीपक दांगी (32) हादसे में घायल हुआ था, इलाज के दौरान एमवाय में गुरुवार को उसकी मौत हो गई। परिजन ने बताया रविवार को वह बाइक पर बहन के यहां जा रहा था। शाजापुर के पास बाइक का टायर फटने से पीछे बैठा दीपक पीछे की ओर सिर के बल गिर गया था।

## करंट लगने से कॉलेज छात्रा की मौत

राजेंद्र नगर में छात्रा जिया (25) पिता प्रदीप राठौर निवासी ग्राम पंवासा जिला उज्जैन की बाथरूम में करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। वह एक निजी कॉलेज से पढ़ाई कर रही थी और इलाके में अरुणोदय अपार्टमेंट में रहती थी। शाम को वह नहाने गई तभी नल से करंट लग गया। पुलिस ने शव परिजन को सौंप दिया है।

## रिश्तेदार ने ही कर ली चोरी, दुकान में चोरी, नौकर पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एक महिला ने नजदीकी रिश्तेदार के खिलाफ ही चोरी का मुकदमा दर्ज करवाया है। महिला का आरोप है कि आरोपी ने डुप्लीकेट चाबी से घर का ताला खोला और घर में रखे 12 हजार रुपए नगदी सहित सोने चांदी के जेवर उड़ा दिए। जूनी इंदौर पुलिस थाने में यास्मीन रहमान पति खलीकुर रहमान निवासी माणिकबाग की शिकायत पर आरोपी तनवीर खान के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया है। उन्होंने एक शिकायती आवेदन पुलिस को दिया था, जांच के बाद केस दर्ज हुआ है। यासमीन ने बताया कि महीना भर पहले उनके घर से नगदी और जेवर चोरी हुए थे। उन्हें पता लगा कि तनवीर ने डुप्लीकेट चाबी से उनके घर में चोरी की है। तनवीर को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। मोबाइल दुकान पर काम करने वाला नौकर ने दुकान से मोबाइल चोरी कर फरार हो गया था, जिसे जूनी इंदौर पुलिस ने पकड़ा है। जूनी इंदौर थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह जादौन ने बताया कि खातीवाला टैंक के मोबाइल व्यापारी सन्नी फुंदवानी ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि दुकान में काम करने वाला लडक़ा साहील मार्केट में मोबाइल बेचने को घूम रहा है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक